गोविन्दराम बनाम पूनमचन्द

अपील अन्तर्गत धारा 223 उपनिवेशन

मुकदमा नंबर 96/2012

जीसीएमएस नंबर 2012/00066

तारीख हुक्म	हुकम या कार्यवाही विवरण	नम्बर व तारीख अहकाम की इस हुकम की तारीख में जारी हुकम
20–11–25	पत्रावली पेश हुई। राजकीय अभिभाषक उपस्थित। प्रकरण वर्ष 2012 से नोटिस तामील के अभाव में लम्बित चल रहा है। अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली शामिल मिसल है। शेष रेस्पोडेन्ट को जरिये रजिस्टर्ड नोटिस तामील हेतु कई बार लिखा जा चुका है। पूर्व आदेशिका दिनांक 16–07–2025 व दिनांक 09–09–2025 को वास्ते रजिसर्टड नोटिस पेश व जारी एवं रशीदे पेश करने हेतु अंतिम अवसर भी दिया जा चुका है। दिनांक 01–10–2025 को अभिभाषक अपीलांट न्यायालय में उपस्थित आकर वास्ते रजिस्टर्ड नोटिस पेश व रशीदे पेश एक और अवसर दिये जाने हेतु निवेदन किया तथा आगामी पेशी दिनांक उक्त दोनो आदेशिकाओं की पालना हेतु अवसर चाहा। न्यायालय द्वारा नरम रूख अपनाकर अभिभाषक अपीलांट के निवेदन पर एक और अवसर दिया गया तथा आगामी तारीख पेश दिनांक 20–11–2025 निर्धारित की गई, बाद इसके भी आदिनांक तक किसी भी आदेशिका की पालना अमल में नही लाई गई है इससे यह प्रतीत होता है कि अभिभाषक अपीलांट जैरकार प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहते है। उक्त प्रकरण में आज तारीख पेशी पर भी अभिभाषक अपीलांट व अभिभाषक स्वयं को रूक–रूक कर बार–बार आवाजे लगवाई गई लेकिन उक्त प्रकरण में अभिभाषक अपीलांट व अपीलांट स्वयं न्यायालय में हाजिर नहीं आये। अतः अपील अपीलांट अदम पैरवी/अदम हाजरी में खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर बाद तामील व तकमील दाखिल दफ्तर हो। (उम्मेद सिंह रतनू) राजस्व अपील प्राधिकारी बीकानेर राजस्व अपील अधिकारी बीकानेर	